**BHOPAL SAHAKARI DUGDH SANGH.MARYADIT**
**BHOPAL (M.P)**

# E-TENDER
# FOR

# *Transportation of S.M.P. & Sugar*

// परिवहन हेतु ई– निविदा सूचना //

निविदा क्रः                                                    दिनांक ..........................

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, डेयरी संयंत्र हंबीबगंज, भोपाल द्वारा इंदौर, ग्वालियर, देवास से दुग्ध चूर्ण एंव बुरहानपुर से शक्कर परिवहन कर दुग्ध संयत्र भोपाल तक पहुॅचाने अन्यथा निर्देशानुसार ले जाने हेतु ऑनलाइन दरे आमंत्रित की जाती है।

सभी निविदाकर्ताओं को यह अनिवार्य है कि समूह अनुसार वॉछित धरोहर राशि ऑनलाईन जमा करना होगा। किसी भी निविदा (निविदाओं) को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा। ई–निविदा की संपूर्ण कार्यवाही www.mptenders.gov.in पर संपादित की जावेगी। निविदा संबंधी शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी एम.पी.सी.डी.एफ. की वेबसाईट www.mpcdf.nic.in उपलब्ध हैं।

| कार्य | धरोहर राशि रू0 | निविदा प्रपत्र की राशि रू0 | निविदा ऑनलाईन जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| दुग्ध चूर्ण एवं शक्कर परिवहन | ANNEXURE - I के अनुसार | 500/– | 25.03.2019 2.30 बजे | 26.03.2019 3.00 बजे |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# <u>भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल</u>

## <u>निविदा</u>

| | | |
|---|---|---|
| ANNEXURE- I | :– | परिवहन विवरण एवं शर्ते। |
| ANNEXURE-II | :– | Form A & B |
| ANNEXURE-III | :– | Price Bid |
| ई–निविदा खोले जाने का स्थान | :– | भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल |
| पत्राचार हेतु पता | :– | मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,<br>हबीबगंज भोपाल<br>म.प्र. 462024 |

<u>मुख्य कार्यपालन अधिकारी</u>

ANNEXURE- I

# भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल

## परिवहन विवरण

| क्रं | परिवहन<br>से | <br>तक | सामग्री | अनुमानित मात्रा मे. टन मे | अवधि | धरोहर राशि रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या, मॉगलीया, इन्दौर | भोपाल डेयरी संयत्र | दुग्ध चूर्ण (25किलो में) | 500 | 12 माह | 15000 / — |
| 2 | ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्या, बान्मोर, जिला मुरैना ग्वालियर | भोपाल डेयरी संयत्र | दुग्ध चूर्ण (25किलो में) | 500 | 12 माह | 15000 / — |
| 3 | डिलाईट डेयरी देवास | भोपाल डेयरी संयत्र | दुग्ध चूर्ण (25किलो में) | 500 | 12 माह | 15000 / — |
| 4 | जयश्री गायत्री, सीहोर | भोपाल डेयरी संयत्र | दुग्ध चूर्ण (25किलो में) | 500 | 12 माह | 15000 / — |
| 5 | नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना जिला, बुरहानपुर | भोपाल डयेरी संयत्र | शक्कर ( 50 या 100 किलो के बोरे में) | 500 | 12 माह | 15000 / — |

## परिवहन कार्य की शर्ते

1. सम्बन्धित गोदाम पर माल की लोडींग एंव भोपाल संयत्र मे भूतल / प्रथमतल स्थित गोदामों में अनलोडींग कर जमाने (स्टेंकिग) की व्यवस्था परिवहनकर्ता को करना होगी।

2. नियमानुसार सर्विस टेक्स एंव आयकर का कटौत्रा परिवहन देयक से किया जावेगा। इस हेतु परिवहनकर्ता का **पेन न0** एवं सर्विस टैक्स न0 आवश्यक है। अतः संस्था के पेन कार्ड एवं सर्विस टैक्स प्रमाण पत्र की छाया प्रति भाव पत्र के साथ लगाना अनिवार्य है।

3. परिवहन की जा रही सामग्री का ट्रांजिट बीमा दुग्ध संघ द्वारा किया जावेगा। सफल निविदाकार को कार्य हेतु रू0 500 / — के स्टाम्प पेपर पर एक वर्ष हेतु अनुबंध संपादित करना होगा, जो कि दर स्वीकृति का पत्र जारी होने के 10 दिवस की समयावधि मे किया जावे। अन्यथा निविदा निरस्त अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।

4. लोडींग / अनलोडींग स्टेकिंग व्यय, सर्विस टेक्स सम्मिलित कर प्रति मेट्रिक टन परिवहन भाड़ा के आधार पर प्रत्येक स्थान हेतु अलग—अलग दर देना आवश्यक है।

एक वर्ष हेतु प्रत्येक स्थान के लिये स्थिर दर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। परन्तु यदि निविदाकार केवल डीजल के मूल्य में सम्भावित कमी या वृद्धि को

दृष्टिगत समय समय पर संशोधित दर का लाभ लेना चाहते है तो निम्न शर्तो के तहत विकल्प देना होगा।

(अ) डीजल की दरो में वृद्धि/कमी का लाभ एक तरफ की कम से कम की दूरी का ही दिया जावेगा।

(ब) डीजल की दरो में वृद्धि/कमी के आधार पर संशोधित प्रति मेट्रिक टन दर कि गणना 16/20 मेट्रींक टन क्षमता के वाहन औसत माईलेज 4 किलोमीटर प्रति लीटर डीजल के आधार पर की जावेगीं।

5. प्रत्येक कार्य हेतु दिये गये भाव की वैद्यता दर स्वीकृत होने की दशा में आदेश दिनांक से एक वर्ष तक वैध रहेगी। जिसे 3 माह तक बढाया जा सकता हैं।

6. दर स्वीकृति के उपरान्त दुग्ध संघ के निर्देशानुसार समय–समय पर वाहन की व्यवस्था कर माल परिवहन कर पहुँचाना अनिवार्य होगा।

7. परिवहन कार्य हेतु दुग्ध संघ द्वारा कोई अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा। प्रत्येक 15/30 दिवस में किये गये परिवहन का एक मुश्त देयक इस कार्यालय को प्रस्तुत करना होगा, जिसका भुगतान देयक प्राप्ति के 30 दिवस में किया जावेगा। बिल्टी पर भुगतान नही किया जावेगा।

8. परिवहन के दौरान माल की सुरक्षा हेतु त्रिपाल इत्यादि की व्यवस्था परिवहनकर्ता को करनी होगी। माल में कमी/नुकसान होने पर परिवहनकर्ता के देयक से कटौत्रा किया जावेगा।

9. निविदा के समय या पश्चात् उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति में अध्यक्ष भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्या0 भोपाल का निर्णय सर्वपरि होगा, जो दोनो पार्टियो को मान्य होगा।

10. गाडी का आर टी ओ से वैध फिटनेश परमिट का प्रमाण पत्र एवं बीमा की छाया प्रति निविदा के समय संलग्न करनी होगी।

11 परिवहन की मात्रा अनुमानित है मात्रा कम/ज्यादा हो सकती है। जिसे परिवहन किये जाने परिवहनकर्ता बाध्य है।

12 परिवहन आदेश दिये जाने के बाद समय सीमा में परिवहन नही करने पर परिवहन अन्य पार्टी से कराया जा सकता है। इससे होने वाले अतिरिक्त व्यय की वसूली निविदाकार की अमानत राशि/देयको से करते हुये अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी। तथा निविदाकार को ब्लेक लिस्ट किया जा सकता है।

13 किसी भी निविदा/निविदाओ को पूर्ण या आंशिक रुप से स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल का होगा जो कि निविदाकार/निविदाकारो पर बंधनकारी होगा।

14 धरोहर राशि :

(अ) सभी निविदाकर्ताओं को यह अनिवार्य है कि समूह अनुसार वॉछित धरोहर राशि ऑनलाईन जमा करना होगा। अन्य किसी प्रकार से प्रेषित धरोहर

राशि को  स्वीकृत नहीं किया जायेगा, एवं संघ में यदि किसी भी मद में पूर्व में धरोहर राशी जमा हो तो वह भी मान्य नही होगी। बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगी।

15 परिवहन निविदा की दरे ई–निविदा के माध्यम से ऑनलाईन ही स्वीकार होगी।

16 विभिन्न गन्तव्य स्थानो हेतु प्रस्तुत की जाने वाली निविदा दरे "रुपया प्रति मेट्रिक टन" प्रपत्र मे दर्शाये गये स्थानो के सामने अंकित करे।

17 अगर परिवहनकर्ता के वाहन मे किसी कारणवश खराबी आ जाती है उसकी सूचना तत्काल कार्यालय के भंडार शाखा के कर्मचारियो/अधिकारियो को देना है। परिवहनकर्ता के वाहन मे खराबी का कारण वाहन का स्थान जहॉ वो खडा है, एवं कितने समय मे वाहन दुग्ध संस्था तक पहुॅच जावेगा इसकी जानकारी कार्यालय मे देना होगी। तथा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था कर सामग्री की निर्धारित गंतव्य तक पहुचाने की पूर्ण जवाबदारी परिवहनकर्ता की होगी। इस हेतु पृथक से कोई भुगतान नही किया जावेगा।

18 परिवहनकर्ता द्वारा जिस वाहन से माल परिवहन किया जा रहा उसके अंदर का [डाला एवं बाडी] अच्छी हालत मे होना चहिए।

19 परिवहन के दौरान मार्ग मे किसी भी प्रकार की टूट–फूट, नुकसान, कमी अथवा वर्षा आदि के फलस्वरुप हुई क्षति के लिए परिवहनकर्ता उत्तरदायी माने जावेगा तथा क्षतिपूर्ति की राशि उनके परिवहन देयक से वसूल की जावेगी।

20 यदि लगातार तीन बार परिवहन कार्य सुपुर्दगी आदेश की प्राप्ति के बाद परिवहन हेतु उपयुक्त वाहन उपलब्ध कराने मे असमर्थ रहता है तो उसका ठेका समाप्त करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल को रहेगा और यह ठेका किसी अन्य ठेकेदार को दिया जा सकेगा एवं ठेकेदार द्वारा जमा की गई अमानत राशि एवं प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।

21 अनुबंध की अवधि सामान्यतः एक वर्ष की होगी तदापि परिवहनकर्ता का परिवहन कार्य संतोषजनक पाये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ द्वारा उन्ही दरो एवं शर्तो पर दो वर्ष तक अनुबंध अवधि मे अतिरिक्त वृद्धि की जा सकेगी।

22 उभय पक्षो द्वारा दो माह की पूर्व सूचना के उपरांत यह अनुबंध समाप्त किया जा सकता हैं।

23 वाहन पर कार्यरत कर्मचारियो के विरुद्ध सरकारी कानून के अनुसार की जाने वाली कार्यवाही की जवाबदारी भी परिवहनकर्ता की होगी। इस कारण संयंत्र को हुई हानि की राशि परिवहनकर्ता के देयक से वसूली की जायेगी ।

24 निविदाकार उसके द्वारा लगाये गये वाहन पर नियुक्त किये गये कर्मचारियो का व्यवहार संयंत्र के अधिकारियो/कर्मचारियो एवं सुरक्षा अधिकारियो के साथ सौहाद्रपूर्ण होना चाहिए।

25 दोनो पक्षकारो के बीच हुए अनुबंध के संदर्भ मे किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति मे प्रकरण अध्यक्ष, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल के समक्ष रखा जावेगा, जिनका निर्णय अंतिम एवं दोनो पक्षो पर बंधनकारी तथा मान्य होगा।

26 परिवहनकर्ता द्वारा इस ठेके के किन्ही निबंधनो एवं शर्तो का पालन न किये जाने अथवा इनका उल्लंघन किये जाने या उनके द्वारा बीच मे ही ठेका समाप्त कर देने की स्थिति मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रतिभूति की संपूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी। ऐसी स्थिति मे परिवहन ठेका अन्य निकटतम भावदाताओ को देने के फलस्वरुप शेष ठेका अवधि मे होने वाली आर्थिक क्षति की राशि परिवहनकर्ता की प्रतिभूति राशि एवं लंबित देयको से वसूल की जावेगी।

27 निविदा अस्वीकृत होने पर अमानत राशि की वापसी का आवेदन जमा रशीद की मूलप्रति के साथ प्राप्त होने पर 30 दिनो पश्चात वापस की जा सकेगी।

28 निविदाकर्ता द्वारा निविदा प्रस्तुत करने से यह समझा जावेगा कि निविदा प्रस्तुत करने के लिए दी गई विभिन्न जानकारियो तथा अनुबंध की शर्तो का अध्ययन कर लिया गया है तथा वे इससे सहमत है। निविदाकार द्वारा यदि निविदा मे अन्य कोई शर्ते लगाई जाती है तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल को निविदा अमान्य करने का अधिकार रहेगा।

29 ठेका समाप्त होने पर ठेकेदार को प्रतिभूति राशि की वापसी हेतु लिखित रुप से आवेदन के साथ जमा रसीद की मूलप्रति प्रस्तुत करना होगा। अदेय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के उपरांत ठेकेदार की संयंत्र कार्यालय मे जमा प्रतिभूति राशि वापस की जा सकेगी। इस राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

30 ठेकेदार को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान दुग्ध संघ द्वारा नही किया जावेगा।

31 परिवहनकर्ता के देयको से शासन के नियमानुसार आयकर, सर्विस टेक्स तथा समय–समय पर लगने वाले टेक्स आदि का कटौत्रा किया जावेगा।

32 उपरोक्त वर्णित शर्तो का पालन नही किया जाता है तो 3 बार परिवहनकर्ता ठेकेदार को पत्र द्वारा सूचित किया जावेगा उसके उपरान्त भी उपरोक्त नियमो /शर्तो का पालन नही करने की स्थिति मे उनका परिवहन ठेका समाप्त कर राशि राजसात किये जाने के संबंध मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल सहकारी दुग्ध संघ भोपाल को अवगत कराया जावेगा एवं उनसे प्राप्त निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

33. न्यायिक प्रकिया की स्थिति में प्रकरण भोपाल स्थित न्यायालय में ही संपन्न होगा।

-xxx-

**ANNEXURE- II**

# **: निविदा फार्म :**

## **(Form A)**

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,

हबीबगंज भोपाल.

सेवा में,

आपके **निविदा संदर्भः भोसदुसं/क्रय/दुग्ध चूर्ण एवं शक्कर परिवहन/2019 डयूऑन 26.03.2019** के संदर्भ में निविदा में दी गई सभी शर्ते हमारे द्वारा पढ़ ली गई हैं तथा हमें स्वीकार हैं।

ऑनलाईन EMD Transaction acknowledgement क्रं...........................दिनॉक.................... राशि रु0.............................(धरोहर राशि की सत्यप्रति संलग्न है)

**दुग्ध चूर्ण एवं शक्कर परिवहन टेंडर की निविदा की समस्त शर्ते व भोपाल दुग्ध संघ द्वारा जारी निर्देश मुझे मान्य व स्वीकार्य हैं।**

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..............................

# : निविदा फार्म :

## (Form B)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदाकार का नाम<br>(पिता के नाम सहित) | – – – – – – – – – – – – |
| 2. | निविदाकार फर्म का नाम एवं पता | – – – – – – – – – – – –<br>– – – – – – – – – – – –<br>– – – – – – – – – – – – |
| 3. | कार्यालय का पता<br>(अ) दूरभाष/मोबाईल नम्बर<br>(ब) E-Mail | – – – – – – – – – – – – |
| 4. | PAN No.<br>(छायाप्रति अपलोड करे) | – – – – – – – – – – – – |
| 5. | GST No.<br>(छायाप्रति अपलोड करे) | – – – – – – – – – – – – |
| 6. | सर्विस टेक्स रजिस्ट्रेशन नं. .<br>(छायाप्रति अपलोड करे) | – – – – – – – – – – – – |
| 7. | यदि पार्टनरशिप फर्म है तो<br>(पार्टनर के नाम एवं पते अंकित करे) | – – – – – – – – – – – – |

नोट :–

घोषणा

एतद् द्वारा मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि ऊपर दिये गये विवरण मेरे/हमारे पूर्ण विवेक अनुसार सत्य है, तथा वे परिणामों के सम्पूर्ण परिज्ञान के साथ प्रस्तुत किये गये है। मैने/हमने संबंधित आमंत्रण पत्र, निबंधन एवं शर्तो तथा सूचीं को पूर्ण रूप से अध्ययन कर लिया है, वे मुझे/हमें मान्य है।

स्थानः–

दिनांक :– –आवेदक–

निविदाकार (निविदाकार के हस्ता.)